

यूरोपीय देश मिलकर काम कर रहे हैं

# शरण, परिवार ढूंढना और पुनर्स्थापन

→ अगर तुम अपने देश के असुरक्षित होने की वजह से **शरण मांगना चाहते हो**, तो अधिकारियों को बताओ। संबंधित प्राधिकरण **तुम्हारा रजिस्ट्रेशन करेगा।**

**उस देश में रहो जहाँ तुम्हारा रजिस्ट्रेशन हुआ है।**

## रजिस्ट्रेशन के दौरान अधिकारी:

- तुमसे तुम्हारा नाम, उम्र और राष्ट्रीयता पूछेंगे। वे तुम्हारे परिवार और यहाँ आने के तरीके के बारे में भी पूछेंगे।
- तुम्हारी फोटो और फिंगरप्रिंट लेंगे (6+ साल)।
- तुम्हारे डॉक्यूमेंट (ID, पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र) जांचेंगे और तुम्हारी संपर्क जानकारी लेंगे।

## अधिकारियों को बताओ अगर तुम:

- 18 साल से कम हो और अकेले आए हो। वे तुम्हें सपोर्ट देने के लिए एक अभिभावक नियुक्त करेंगे।
- अपने परिवार को ढूंढ रहे हो। अगर यह तुम्हारे हित में है, तो वे तुम्हारी मदद करेंगे। अगर तुम अपने परिवार के साथ नहीं जाना चाहते, तो अपने अभिभावक से बात करो।
- किसी यूरोपीय देश से परिचित हो क्योंकि तुम पहले वहाँ रह चुके हो।
- तुम ठीक महसूस नहीं कर रहे हो या किसी बात को लेकर चिंता में हो।



अगर एक ही समय में बहुत लोग इस देश में आते हैं, तो कुछ लोगों को **दूसरे यूरोपीय देश में भेजा जा सकता है।**

तुम यह नहीं चुन सकते कि तुम्हें किस देश में **भेजा जाएगा।**

अगर तुम ट्रांसफर से सहमत नहीं हो, **तो तुम अपील कर सकते हो,** लेकिन तुम्हें कारण बताना होगा।

## याद रखो

- तुम हमेशा सलाह के लिए वकील मांग सकते हो।
- अगर भाषा नहीं आती, तो दुभाषिया मांगो।
- यहाँ काम करने वाले सभी लोगों को तुम्हारे साथ सम्मान से पेश आना चाहिए।
- अधिकारियों के साथ काम करो। अगर उनकी कोई बात समझ न आए, तो उनसे समझाने को कहो।



© यूरोपीय संघ शरणार्थी एजेंसी, 2025

euaa
EUROPEAN UNION
AGENCY FOR ASYLUM